तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

12 परकोम में मिडिल स्कूल भवन जर्जर वैकल्पिक ...



12 युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आप ने सौंपा कलेक्टर ....





## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** प्लांट से काम करने के बाद घर आने के लिए बाहर निकले युवक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि 28 जून को रात 8.30 बजे शिवालिक प्लांट से काम करने के बाद घर आने के लिए बाहर निकले युवक शेख रफीक को बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 2127 के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भतीजे से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरतुंगा में चाचा ने अपने भतीजे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पिथौरा थाने में दर्ज कराई गई है।



पुलिस को प्रार्थी पुनीतराम यादव ने बताया कि उसका और उसके चाचा मनराखन यादव का जिला सहकारी बैंक में शामिलात खाता है। जिसमें मनराखन यादव द्वारा खेती-किसानी करने के लिये बैंक से कर्ज लिया गया। जब उसने अपने चाचा को कर्ज की रकम जमा करने कहा। इसे लेकर 9 जुलाई की रात करीबन 9 बजे जब वह अपने घर आंगन में बैठा था उसी समय उसका चाचा मनराखन आंगन में आकर कर्ज नहीं पटाउंगा तुझे जो करना है कर ले कहकर गुस्से में आकर गाली गलौच करते हुए हाथ में रखे डंडे मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कृषि विस्तार अधिकारी एक्सीडेंट में घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से बाइक में जा रहे कृषि विस्तार अधिकारी घायल हो गए। घटना एक जुलाई की है। मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोमाखान क्षेत्र होरीलाल ने बताया कि वह एक जुलाई काम निपटाने के बाद शाम को अपने मोटर सायकल सीजी 06 जीएल 6300 में सवार होकर कोमाखान से अपने घर महासमुंद रमनटोला जा रहा था। ग्राम ओंकारबंद सोसायटी के आगे बरगद वृक्ष के पास एनएच 353 पहुंचा था कि महासमुंद की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. ओडी08ए7455 के चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। घटना में उसके दाहिने पैर में चोट आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए),125(बी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# 58 वितरण केंद्रों तक खाद पहुंचाने केवल 1 ट्रक, इसलिए हो रही परेशानी

## परिवहन में हो रही देरी के कारण किसानों में रोष, खाद गोदाम में और किसान कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद का पर्याप्त भंडारण होने के बाद भी वितरण व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ना है। दरअसल, ट्रांसपोर्टिंग में लापरवाही हो रही है। बागबाहरा क्षेत्र के 58 वितरण केंद्रों तक खाद पहुंचाने के लिए केवल 1 ट्रक होने के कारण सही समय में खाद सोसायटियों तक समय पर नही पहुंच पा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा ब्लॉक में खाद गोदामों में यूरिया पर्याप्त मात्रा में डंप है। लेकिन, वितरण व्यवस्था की लापरवाही के चलते यह खाद किसानों तक नहीं पहुंच रही। बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत नर्रा, बकमा, पटपरपाली, सुअरमार, बसुलाडबरी जैसे लगभग 40 से अधिक सोसायटियों में यूरिया और डीएपी उपलब्ध नहीं है। किसानों को मजबूरी में खाद बाजार से ऊंचे दामों पर खरीदना पड़ रहा है। बागबाहरा फेडरेशन के गोदाम में करीब 350 टन यूरिया स्टॉक में है, जबकि 3 हजार टन की डिमांड है। ट्रांसपोर्ट की हालत यह है कि 58 विक्रय केंद्रों के लिए केवल एक ट्रक उपलब्ध कराया गया है। इससे खाद भेजने में हो रही देरी से किसानों में रोष व्याप्त है। बता दें कि जिले में 66 हजार टन खाद की जरूरत होगी। इसमें यूरिया, पोटाश, राखड़ और डीएपी शामिल हैं। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए 15 हजार टन एनपीके खाद का भंडारण किया गया है, लेकिन 51 हजार टन खाद अभी भी उपलब्ध नहीं है।

बागबाहरा क्षेत्र के कोकड़ी ग्राम के किसान राधेलाल, मनजोत, बोधराम ने बताया है कि सोसायटी में यूरिया खाद नहीं है जिसके कारण धान के उत्पादन में कमी हो सकता है। यूरिया खाद बाजार में महंगे दामों में खरीद रहे है जिससे धान के फसलो को यूरिया की कमी से होने वाले नुकासान से बचाया जा सकें। बागबाहरा फेडरेशन गोदाम प्रभारी दीपेश पांडे का कहना है कि हम खाद केंद्रों तक भेजने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ट्रकों की कमी से दिक्कत हो रही है।



### किसानों की जेब पर मार

सरकारी केंद्रों पर यूरिया 270 रुपए प्रति बोरी, डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी मिलती है, लेकिन बाजार में यूरिया 400-500 रुपए प्रति बोरी, डीएपी 1600-1700 रुपए प्रति बोरी मिल रही है। जिससे किसानों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। परिवहन नहीं होने से किसानों को अभी अवश्यक खाद बाजार से खरिदने मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में खाद की कमी है, खासकर डीएपी खाद की किसानों को धान की फसल के लिए खाद नहीं मिल पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे डीएपी की जगह एनपीके खाद दे रहे हैं, लेकिन एनपीके खाद भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है।

## अलर्ट: बारिश जारी रही तो महानदी तट के गांवों की बढ़ सकती है परेशानी

# निसदा डेम के 6 और समोदा बैराज के 25 गेट खोले, महानदी का जलस्तर बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले शनिवार से हो रही लगातार बारिश से निसदा और समोदा बैराज का जल स्तर बढ़ने के कारण निसदा डेम के 6 गेट और समोदा बैराज के 25 गेट खोल दिए गए हैं, जिससे महानदी का जलस्तर बढ़ गया है। यदि अब भी बारिश जारी रही तो महानदी तट के गांवों को यह बढ़ता जलस्तर प्रभावित कर सकता है।

बता दें कि आषाढ़ के आखिरी सप्ताह गत शनिवार से लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है जिससे खेतों, छोटे-बड़े नालों सहित तालाब में जल भराव लगातार बढ़ रहा है। एक तरफ यह बारिश किसानों के लिए वरदान है, वहीं लोगों को गर्मी और उमस से निजात मिली है। इधर, पिछले दिनों से महानदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बताया गया कि लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में केचमेंट एरिया से पानी की आवक बनी हुई है। निसदा डेम में जलभराव तेजी से हो रहा है जिसे मेनटेन करने के लिए यहां के कुल 24 गेटों में से 6 गेट खोल दिए गए थे। बताया गया कि यहाँ 16 फीट जल भराव के बाद गेट खोला गया है। जिससे महानदी का जलस्तर बढ़ गया गया है। इधर निसदा डेम से पानी छोड़ने के बाद समोदा बैराज का जल स्तर बढ़ गया। यहां भी बढ़ते जल स्तर को देखते हुए कुल 48 गेट में से 25 गेट खोल दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार 6 मीटर क्षमता वाले इस बैराज में बारिश के पूर्व 2.5 मीटर जलभराव था। निसदा डेम से पानी छोड़े जाने के बाद यह जलस्तर बढ़कर 4.5 मीटर हो गया। जिसके बाद इसे मेनटेन करने के लिए गेट खोला गया है। यहां से हर घंटे लगभग 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जो लगातार जारी है। यदि आने वाले दिनों में यूं ही लगातार बारिश होती रही तो महानदी से लगे गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना होगा।



### संभावना : पांच दिनों तक जारी रहेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांदा, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से झारखंड तक, उत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण झारखंड तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम असम से विदर्भ तक, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से प्रदेश में वर्षा हो रही है और आने वाले चार-पांच दिनों तक बारिश की संभावना बनी हुई है।

### महानदी पुल पर मौसम का मजा लेने पहुंचे लोग

निसदा और समोदा बैराज से पानी छोड़ने से महानदी का जलस्तर बढ़ गया। जिसका नजारा देखने दर्जनों लोग आरंग-महासमुंद के बीच बने महानदी पुल पर पहुंचे। यहां हर आने-जाने वाले यात्री पुल पर मौसम का मजा लेते दिखे, वहीं यहां पसरों से भुट्टे और गरम मूंगफली का आनंद उठाया।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हत्या के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर प्रथम सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने भादसं की धारा 302 के तहत बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम घुंचापाली निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र कुमार ठाकुर पिता बीरेंद्र उर्फ बेंदुल ठाकुर को आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा करने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। इसी तरह 25-27 आर्म्स एक्ट के अपराध में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं अदाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।



अभियोजन के अनुसार 8 अक्टूबर 2021 को जमुना बाई ने बागबाहरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बड़ी पुत्री जिमेश्वरी उर्फ धरमीन बाई ने 6-7 वर्ष पूर्व ग्राम घुंचापाली के राजेंद्र कुमार ठाकुर के साथ प्रेम विवाह किया था। जिससे उनकी दो संताने हैं। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। तबियत खराब होने पर जिमेश्वरी 8 अक्टूबर 2021 को दोपहर 1 बजे घर आई थी। शाम साढ़े 5 बजे जिमेश्वरी सोई हुई थी। उसी समय उसका दामाद राजेंद्र ठाकुर चाकू लेकर आया और उसकी पुत्री से कहा कि तुम बार-बार अपनी मां के यहां आ जाती हो, कहकर गालियां देते हुए जान से मार दूंगा कहकर चाकू से प्राणघातक प्रहार किया। जिससे उसकी पुत्री लहुलूहान हो गई। बीच बचाव करने के बाद उसका दामाद वहां से भाग गया। गंभीर रूप से घायल पुत्री को बागबाहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 21 अक्टूबर को शाम साढ़े 4 बजे उसकी मौत हो गई। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की।

# अवैध उत्खनित रेत की चोरी रोकने लगी अस्थाई चौकी

## ग्राम बिरकोनी में बिरकोनी-बरबसपुर मार्ग में चौकी स्थापित, 3 पालियों में लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वैध रेत खदानों के साथ अवैध रेत खदानों से बिना संग्रहण अनुमति और पीट पास के अवैध तरीके से भंडारित रेत की निकासी और चोरी रोकने खनिज विभाग की टीम द्वारा कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार खनिज और राजस्व अमले की तैनाती बिरकोनी-बरबसपुर मार्ग में अस्थाई खनिज चौकी स्थापित की गई है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में खनिज विभाग द्वारा ग्राम बरबसपुर, बड़गांव, बिरकोनी एवं घोड़ारी में अवैध तरीके से उत्खनित और भंडारित रेत पर सख्ति बरतते हुए जब्ती कार्रवाई की थी जिसके बाद चोरी छिपे इसे निकासी करने रात में चोरी किए जाने की भी सूचना खनिज विभाग को मिल रही थी। उक्त खनिज चौकी में 3 पालियों में 6 नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें प्रशांत कालू, मनीष ढीढी, मनोज निर्मलकर, संतोष चंद्राकर, जीवन गायकवाड़, चिंताराम दीवान की ड्यूटी लगायी गयी है।



खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त अवैध रेत भंडारित क्षेत्र से रेत की निकासी करते पाये जाने पर वाहन एवं अवैध परिवहनकर्ता के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियमन 1957 की धारा 21 के अतंर्गत दण्डात्मक कार्यवाही व 2 से 5 वर्ष की सजा हेतू एफआईआर दर्ज कर परिवाद दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत में गिरे करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आया युवक, मृत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम खुसरूपाली में एक युवक की करंट से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार खुसरूपाली निवासी जगदीश बारिक (28) दोपहर को खेत में धान बोआई करने जा रहा था। गांव से कुछ ही दूरी पर खूबचंद के खेत में पहुंचा। उसी दौरान खेत में गिरा करंट प्रवाहित बोरवेल का सर्विस तार के संपर्क में जगदीश का पैर आ गया। जिससे वह गिर कर छटपटाने लगा। परिजनों ने उन्हें सामुद्रायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर बसना पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में अपने घर के पास लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा देने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। तुमगांव पुलिस ने मामले में आरोपी रोहित कुमार साहू पिता स्व प्रेमलाल साहू (40 साल) वार्ड नं0 6 बस स्टैंड भोरिंग के खिलाफ धारा 36(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।



### सावन के पहले दिन शिवालयों में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** भगवान शिव का महीना माने जाने वाला सावन शुरू हो गया है। शिव मंदिरों में सुबह से भोले भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोग महादेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। शहर एवं गांवों के शिवालयों में भगवान महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालु भीड़ देखने को मिली, वहीं ग्राम बम्हनी में स्थित अंचल प्रसिद्ध बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक एवं गंगा आरती किया गया। जिलेभर में सावन पर्व का उत्साह देखने को मिल रहा है, ओम नम: शिवाय और बोल बम की जय घोष लगे।

## रोपाई के कार्य में जुटे, बारिश से सब्जी फसलों को नुकसान

# अनुकूल मौसम से खेती-किसानी कार्य में तेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद से खेती के कार्य अब जोर पकड़ेगा। किसान सुबह से लेकर देर शाम तक खेतों में रोपा लगाने और अन्य खेती संबंधी कार्यों में व्यस्त नजर आएंगे। कुछ किसान मौसम को देखते हुए सीधे बुआई के कार्य कर चुके हैं। जिले में 248700 हेक्टेयर में धान की खेती की जाती है। कुल 268000 हेक्टेयर जमीन पर खेती होती है, जिसमें 7110 हेक्टेयर में दलहन की खेती भी शामिल है। आषाढ़ माह की विदाई बेला में लगातार हुई बारिश ने किसानों के चेहरों में मुस्कान ला दी है। वहीं बारिश के कारण खेतों में अधिक पानी भरने के कारण खेतों का काम ठप पड़ गया जो अब मौसम खुलने के बाद तेजी आएगा।

माह के शुरूआती दिनों में रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों के लिए परेशानी बढ़ा दी थी। धान के थरहा तैयार करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं हो पा रहा था। जिसके कारण कृषि कार्य पिछड़ती नजर आ रही थी। साथ ही किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें झलकने लगी थी, लेकिन विगत सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से धान के थरहा तैयार करने के साथ खेतों में हरियाली लौटा दी। इन दिनों किसान मौसम को देखते हुए कृषि कार्यों में लगातार जुटे हुए है। अगर मौसम ने आगे ऐसा ही साथ दिया तो कृषि कार्य बेहतर तरीके से होंगे। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन थे, उनका थरहा लगभग तैयार हो चुका है। अब वो खेतों में रोपाई कार्य में जुट गए हैं।

### सब्जी की खेती करने का हुआ नुकसान

लगातार बारिश से सब्जी के खेतों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे हरी सब्जी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से भिंडी, लौकी, करेला और खीरा बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में पौधे सड़ गए हैं और उत्पादन में भारी कमी देखी जा रही है। इसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है। सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं।

### अब तक 69.7 हजार किसानों ने लिया ऋण

जिले में इस सीजन अच्छी बारिश के आसार को देखते हुए किसान अब ऋण लेने बैंक पहुंच रहे हैं। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि इस खरीफ सीजन जिले में किसानों को कुल 470 करोड़ रुपए लोन देने का लक्ष्य रखा गया है। 9 जुलाई की स्थिति में कुल 69700 किसानों को 314 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया।

# ट्रक ड्राइवर को धमकाकर स्कार्पियो सवारों ने कर ली डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली और पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रकों से डीजल चोरी के दो मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि 10 जुलाई को नीरज अग्रवाल पिता पवन कुमार अग्रवाल (27 साल वार्ड नंबर 10 सागर स्टेट सरायपाली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 06-07 जुलाई को 03 बजे से 04 बजे के मध्य एक सफेद स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 बीके 9196 के चालक एवं अन्य 02-03 व्यक्तियों के द्वारा झिलमिला टाउन हाल के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 9774 के डीजल टंकी को तोड़कर 300 लीटर डीजल कीमत 30,000 रुपए की चोरी कर ली घटना को लेकर बताया कि उसके ड्रायवर जगन्नाथ यादव एवं पंकज कुमार ट्रक में सोये हुये थे। रात्रि करीब 03 से 04 बजे के मध्य ट्रक के डीजल टंकी का ताला टूटने का आवाज आने पर पंकज कुमार जाग गया तो देखा टंकी के पास 02-03 लोग खड़े थे एवं सफेद रंग की स्कार्पियो क्रमांक पास में खड़ी थी स्कार्पियो के अंदर में एक आदमी बैठा हुआ था । पंकज ने जब ट्रक से उतरने का प्रयास किया तो स्कार्पियो के अंदर बैठा आदमी एक लोहे का राड लेकर उसके पास गया, जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं अन्य लोग डीजल चोरी कर रहे थे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 303(3), 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया ।

इसी तरह पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम झलप निवासी विवेक पटेल के 6 ट्रकों से 22-23 फरवरी की रात 600 लीटर डीजल कीमत 55800 रुपए की चोरी हो गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को जब वह अपने ट्रांसपोर्ट ऑफिस से घर जा रहा था तब देखा था कि उसके घर के सामने घटना स्थल में एक सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन संदिग्ध अवस्था में घूम रही थी। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कोसरंगी में ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम मंच की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत कोसरंगी में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम जीपीवायएसटी मंच की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत के सतत विकास के लिए 9 क्षेत्रों में सतत विकास पर प्रशिक्षण देना और टीम सदस्यों की भूमिका व जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना था।

कार्यक्रम में जीपीवायएसटी मंच की औपचारिक स्थापना की गई। 9 एलएसडीजी थीम्स पर जागरूकता और रणनीतिक योजना बनाई गई तथा साथ ही टीम के सदस्यों की भूमिका, कार्यक्षमता और भागीदारी का निर्धारण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दिनेश साहू, डीएमसी रेखराज शर्मा, फेसिलिटेट विजय सैनी, प्रोग्राम लीडर सुरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव, वार्ड पंच, फ्रंटलाइन



कार्यकर्ता शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 5 युवा प्रतिनिधि एवं 16 सक्रिय समुदाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम लीडर सुरेंद्र कुमार ने सरपंच दिनेश साहू के सहयोग से किया। विजय सैनी द्वारा 9 एलएसडीजी थीम्स जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल संरक्षण, बाल-सुरक्षा आदि पर विस्तृत परिचर्चा की गई। सभी थीम्स को पंचायत विकास की ज़रूरतों से जोड़ते हुए साझा योजना निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया। बाल-अनुकूल पंचायत और स्वस्थ पंचायत को आगामी महीनों की प्राथमिक रणनीति के रूप में अपनाने का संकल्प लिया गया। क्लस्टर बीडीओ रेखराज शर्मा ने ग्रामीण विकास में जीपीवायएसटी की भूमिका को व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

अगली बैठक में युवा क्लब की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिससे युवाओं को पंचायत योजना और विकास में भागीदारी का अवसर मिलेगा। युवाओं द्वारा नेतृत्व वाली पहलों को बढ़ावा देकर जमीनी परिवर्तन सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम में खेती के व्यस्त मौसम के बावजूद सभी हितधारकों की उत्साहजनक भागीदारी रही। कार्यक्रम में सामुदायिक जुड़ाव की मजबूत प्रक्रिया को सराहा गया। आकांक्षी भारत के तहत हो रहे प्रयासों की भी प्रतिभागियों ने प्रशंसा की।

## सावन के प्रथम दिवस कांप्लेक्स परिसर में किया गया पौधरोपण



**महासमुंद।** सावन माह के प्रथम दिवस नगर पंचायत तुमगांव के नवीन कांप्लेक्स परिसर में पौधरोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर के प्राकृतिक प्रेमी धर्मेंद्र यादव ने नेतृत्व में कदम का पौधा लगाया गया। साथ ही पेड़ की सुरक्षा के लिए जाली भी लगाया गया। इस पौधे को एक विशाल वृक्ष के रूप में बढ़ाने का संकल्प लिया गया। आने वाले समय में नया कॉप्लेक्स के आसपास और नगर में पौधरोपण करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, योगेश साहू, हेमंत धीवर, रामचंद्र पटेल, मुकेश साहू, सूरज साहू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### छग प्रवास पर पहुंचे सौदान

**रायपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे। उनका माना विमानतल पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।
स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, श्याम नारंग, भाजपा नेता प्रीतेश गांधी शामिल थे। सौदान सिंह एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने स्व. राजेश अवस्थी के निवास जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए व परिवार जन से मुलाकात की। श्री सिंह दोपहर बाद निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रात्रि विश्राम करने के बाद कल सुबह कोलकाता रवाना होंगे।

### अपेक्स बैंक के अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

**रायपुर।** अपेक्स बैंक के प्राधिकार अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के महासमुंद, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने सहकार से समृद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत 550 सहकारी समितियों में किए जा रहे पैक्स कम्प्यूटरीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खरीफ फसल के अंतर्गत कृषक उन्नति योजना और ऋण वितरण की भी जानकारी ली। आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण और बैंक की तकनीकी सेवाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

### ग्रीन आर्मी का शीतला बाजार में पॉलीथिन मुक्त अभियान



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने शीतला बाजार, पुरानी बस्ती को पॉलीथिन मुक्त बनाने के अपने अभियान को तेज कर दिया है। यह पहल न केवल पॉलीथिन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय समुदाय को इसके उपयोग को पूरी तरह बंद करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। अभियान के तहत 300 से अधिक जागरूकता पांपलेट वितरित किए गए, जिसमें पॉलीथिन के पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शीतला बाजार को पूरी तरह से पॉलीथिन मुक्त बनाना है और इसके लिए एक महीने तक निरंतर प्रयास किए जाएंगे। ग्रीन आर्मी के पुरानी बस्ती जोन और ब्राह्मण पारा जोन के सदस्य हर सुबह शीतला बाजार में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। संस्थापक अमिताभ दुबे, जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत अन्य पदाधिकारी अभियान में जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्रीन आर्मी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी।

### सतनामी समाज की बैठक 13 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि पर परंपरानुसार राजधानी में सतनामी समाज की ओर से स्मृति दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 13 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन मिनीमाता स्मृति भवन हॉल में सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है।
जिसमें मिनीमाता स्मृति दिवस, प्रतिभा सम्मान समारोह, कार्यक्रम स्थल चयन, अतिथि आमंत्रण, विचार गोष्ठी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सभी की सहमति व सुझावों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने सतनामी समाज के सभी प्रमुखजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल के सदस्यों से इस बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव देने का आग्रह किया है।

# अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर दौड़ में सुखदेव ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समाज कल्याण विभाग से मान्यता एवं अनुदान प्राप्त फॉर्चून फाउंडेशन समाज सेवी संस्था प्रेतनडीह, सरायपाली द्वारा संचालित फॉर्चून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर, बागबाहरा खुर्द की पूर्व छात्र सुखदेव ने कांतिराव एथलेटिक्स स्टेडियम बेंगलूरु कर्नाटका में 11 से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित 7वीं ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर दौड़ में 4.36 मिनट में दौड़ पूरी करते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर एक और उपलब्धि हासिल किया। प्रशिक्षक निरंजन साहू ने बताया कि



नेत्रहीन फॉर्चून फाउंडेशन करमापटपर बागबाहरखुर्द में रहकर एथलेटिक्स का अभ्यास करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया। वर्तमान में सुखदेव केंवट भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बेंगलूरु में नियमित अभ्यास कर रहा हैं। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव ने खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 न्यू दिल्ली में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। सुखदेव ने 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप चेन्नई में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।

सुखदेव के अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ एस आलोक, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, निरंजन साहू, पेट्रोन सदस्य राज्य पैरा एथलेटिक्स संघ आरसी मिश्रा, प्रदेश सचिव डीकेश टंडन, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, पारस चोपड़ा, डॉ विकास अग्रवाल, डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद सचिव तोरण यादव ने हर्ष जताया है।

# वनोपज से वनांचल के लोगों के जीवन में आर्थिक समृद्धि : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 307वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को ज्यादा मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



### निर्णयों की प्रगति की समीक्षा

वन मंत्री मंत्री ने 306वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों जैसे महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, सलमा फारुकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निलंबन की कार्रवाई के बाद दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार बदले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कोर्ट में चालान पेश होने के बाद शासन ने अफसरों को निलंबित करने लिया निर्णय

राज्य में 2176 करोड़ रुपए का शराब घोटाला उजागर होने के तीन साल बाद दागी 22 अफसरों को शासन ने निलंबन की कार्रवाई की। अफसरों के निलंबन के साथ ही दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया है। इनमें एक जिला आबकारी आयुक्त को फील्ड से हटाकर मुख्यालय में अटैच किया गया है। जिन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया गया है, उसके मुताबिक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला आयुक्त को नवा रायपुर मुख्यालय अटैच किया गया है। इसी तरह से जिला आबकारी अधिकारी डॉ. पलक नंद का स्थानांतरण जीपीएम से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार सिंह बलौदाबाजार-भाटापारा से गरियबांद, चंद्रहास यदु बस्तर से बिजापुर, योगेश्वर कुमार द्विवेदी कोरिया से बालोद, अभिषेक तिवारी बीजापुर से राजनांदगांव, दीपक ठाकुर सुकमा से दंतेवाड़ा, राजेश कुमार शर्मा बालोद से रायपुर, बिलासपुर, सिरगिट्टी में स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन का गोदाम प्रभारी बन प्रतिनियुक्ति पर गई नीलिमा दिघ्रस्कर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें जांजगीर-चांपा जिले में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश अग्रवाल संभागीय उड़नदस्ता रायपुर से बलौदाबाजार, रविशंकर साय बिलासपुर से मुंगेली, सुनील कुमार सूर्यवंशी बलरामपुर-रामानुजगंज से महासमुंद, निरुपमा लोन्हारे दुर्ग से धमतरी, सारिका प्रसाद बोर्डे स्टेट बेवरेज बिलासपुर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर बिलासपुर में तैनाती, रमेश कुमार अग्रवाल कोरबा से कोरिया, शशिकला पैकरा एमसीबी से एमसीबी स्वतंत्र प्रभार, सत्यनारायण साहू दुर्ग से बलरामपुर-रामानुजगंज, सीमा गुप्ता बिलासपुर से जीपीएम, कल्पना राठौर बिलासपुर से मुंगेली, संतराम वर्मा सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्वतंत्र प्रभार, समीर मिश्रा बिलासपुर से प्रतिनियुक्ति पर स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन सिरगिट्टी, वी. विक्रम आनंद बिलासपुर से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार नेताम सुकमा से सुकमा स्वतंत्र प्रभार, उत्तम बुद्ध भारद्वाज का स्थानांतरण महासमुंद से रायपुर किया गया है।

# विधायक मूणत ने कहा- विकास कार्यों की स्वयं करेंगे निगरानी, हीरापुर से की जनचौपाल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अधिकारियों से कहा, सड़क नाली नहीं बनी तो कैमरे से सबूत पकड़ूंगा
- हीरापुर में 25 लाख की लागत से बनेगा नया सामुदायिक भवन, दिव्यांग बालिकाओं के लिए शयन कक्ष



रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने गुरुवार को वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर से जन चौपाल की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब विकास कार्यों की निगरानी वे स्वयं करेंगे। कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पैसा खर्च करना पर्याप्त नहीं है, उसका प्रभाव जमीन पर दिखना चाहिए। श्री मूणत ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि सड़क और नाली नहीं बनी, तो कैमरे से सबूत पकड़ूंगा। अपने उद्बोधन में राजेश मूणत ने कहा कि हर वार्ड में साल में अब दो बार जन चौपाल लगाई जाएगी, जिसमें आम जनता की समस्या का समाधान होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने नगर निगम के वीर सावरकर वार्ड से जनचौपाल का आगाज किया। इस मौके पर जनचौपाल में डेढ़ वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि वे जनता के प्रति जवाबदेह हैं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करना उनकी जिम्मेदारी है। श्री मूणत ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि समाधान सुनिश्चित करना है। हीरापुर के नागरिकों ने इस दौरान सामुदायिक भवन के विस्तार की मांग रखी। राजेश मूणत ने बताया कि पहले 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी थी, अब उसमें 15 लाख रुपये और जोड़कर कुल 25 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि भवन को अधिक सुविधाजनक और उपयोगी बनाया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने एनआरबी प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम में दृष्टि दिव्यांग बालिकाओं के लिए एक अतिरिक्त शयन कक्ष के निर्माण की घोषणा की। इस कार्य के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने इसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताया। हीरापुर में आयोजित जन चौपाल में वार्ड के नागरिकों ने सड़क, नाली, जल आपूर्ति, राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड जैसी समस्याएं रखीं। विधायक राजेश मूणत ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने नागरिकों से कहा कि शिकायत करते समय आवेदन में अपना मोबाइल नंबर अवश्य दें, ताकि समाधान की सूचना उन्हें सीधे दी जा सके। श्री मूणत ने निर्देश दिए कि जिन बस्तियों में अभी तक सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, उनकी वीडियोग्राफी कर नवंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जनता भी ऐसे स्थानों की जानकारी वीडियो बनाकर कार्यालय तक पहुंचा सकती है, ताकि कार्रवाई में तेजी लाई जा सके। जन चौपाल में अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, ज़ोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, लोक कर्म विभाग के अधिकारी, नगर निवेश एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन, 12.60 लाख मीट्रिक टन भंडारण हुआ

# खरीफ फसल की बोनी में आई तेजी, खाद के लिए जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसूनी बारिश के बाद खरीफ फसल की बुआई का काम जोर पकड़ रहा है। किसानों की ओर से इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। खाद और उर्वरकों का समितियों से उठाव लगातार हो रहा है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके और एसएसपी खाद का छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कई समितियों में एनपीके और एसएसपी की मात्रा कम होने पर मांग के अनुरूप उपलब्ध्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश में कृषि और सहकारिता विभाग द्वारा खाद के वितरण की मानिटरिंग की जा रही है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों को 8 लाख 35 हजार 692 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरक में 4 लाख 409 मीट्रिक टन यूरिया, 1 लाख 14 हजार 276 मीट्रिक टन डीएपी, 1 लाख 41 हजार 064 मीट्रिक टन एनपीके, 46 हजार 463 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 33 हजार 480 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण किया गया है।

कृषि एवं सहकारिता विभाग कर रहा लगातार मानिंटरिंग



### लक्ष्य से दो लाख टन खाद का कम भंडारण

*राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 14.62 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 12 लाख 60 हजार 731 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरुद्ध 8 लाख 35 हजार 692 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसाइटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खाद बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।*

### गुणवत्ता की जांच में लगभग 300 नमूने फेल

*कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों के जांच के लिए अबतक 6245 नमूने लिए गए है। इनमें से सभी प्रक्ररणों को गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए है, जिसमें 4775 नमूने मानक और 297 अमानक पाए गए। 31 नमूनों को निरस्त किया गया तथा 1142 नमूनों में जांच की कार्यवाही चल रही हैं।*

### बीज के 245 नमूने अमानक

*कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा इस खरीफ सीजन में बीज के 5515 नमूने, उर्वरक के 4000 और पौध संरक्षण औषधी के 969 नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए लक्ष्य रखा गया हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अबतक बीज के 4439, उर्वरक के 1641 और पौध संरक्षण औषधी के 165 नमूने लिए गए हैं। जिसे जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में प्रीक्षण कराया गया जिसमें बीज के 3613 नमूने मानक तथा 245 अमानक पाए गए, इसी तरह उर्वरक के 1078 नमूने मानक और 45 नमूने अमानक पाए गए तथा पौध संरक्षण औषधी के 84 नमूने अमानक तथा 7 नमूने अमानक पाए गए।*

**खबर संक्षेप**

## कृषकों को मिलेगा आदान सहायता राशि का लाभ

**महासमुंद।** राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, जिसके कारण कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनांतर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का व अन्य फसलों की खेती करने वाले कृषकों को 10,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिन्होंने धान की फसल लगाई हो।

# स्काउट्स-गाइड्स स्थानीय संघ ने किया मिनी स्टेडियम परिसर में पौधारोपण

### एक पेड़ मां के नाम, स्काउट गाइड ने पौधारोपण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं आव्हान पर कैलाश सोनी राज्य सचिव के निर्देशन व जिला संघ महासमुंद मार्गदर्शन में 11 जुलाई को स्थानीय संघ महासमुंद द्वारा विकास खंड स्तरीय एक पेंड़ मां के नाम पर मिनी स्टेडियम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकान्त साहू, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष स्काउट गाइड संघ येतराम साहू, उपाध्यक्ष आनंद साहू, अध्यक्षता कौशलेंद्र वैष्णव, स्थानीय संघ के उपाध्यक्षगण देवीचंद राठी, सीता टोंडेकर, स्थानीय संघ के सदस्यगण, स्काउटर गाइडर व स्थानीय स्कूलों के स्काउट्स गाइड्स की उपस्थिति में संक्षिप्त कार्यक्रम शिशु संस्कार स्कूल के सभागार में हुआ। स्थानीय संघ अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एक पेंड़ मां के नाम से पूरे राज्य में जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर वृहद पौधरोपण किया जाना है साथ ही स्थानीय संघ का वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष जुलाई माह में पौधरोपण स्काउट गाइड संघ की ओर से किया जाता है। उद्बोधन की कड़ी में येतराम साहू ने राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषित होने का मुख्य कारण है पेड़ पौधों का संरक्षण नहीं होना, इसलिए हम सब स्काउट गाइड परिवार मिलकर पौधरोपण करेंगे और संरक्षण भी करेंगे, जो हमारे स्काउट गाइड के नियम का एक भाग है। एक पेड़ मां के नाम यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है, उनके सपने को हम सभी को साकार करना है। हमारे आसपास को पेड़ों से आच्छादित करेंगे। मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने कहा कि यह पेड़ पौधे हमारे सृष्टि का एक अनोखा वरदान है। इन्ही से हम सबको जीवन मिला है। इसे सहेजना सवारना हम सभी का कर्त्तव्य है। आज पौधा लगा दिए फिर छोड़ दिए, ऐसा नहीं करना है। कम से कम 2-3 महीना बारिश तक देखभाल करें। फिर पौधा अपने आप बड़ा हो जाता है। इसे पेड़ बनाना हम सभी की जिम्मेवारी है। तभी हमारा पौधरोपण सार्थक होगा।

आभार प्रदर्शन करते हुए देवीचंद राठी ने कहा कि पौधों को लगाना संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी तो ही है। साथ ही साथ जल की संरक्षण करना भी अति महत्वपूर्ण है। अपने अपने घरों में भी आवश्यता अनुसार कम से कम जल का उपयोग करें। अनावश्यक जल की उपयोग से बचें। अपने दैनिक जीवन में इसे शामिल करें। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक सहसचिव हीरेंद्र साहू ने किया।

कार्यक्रम में दूज राम साहू पूर्व सरपंच खट्टी, हिना ढालेन एबीओ, प्राचार्य श्रीवास्तव, कमल लूनिया पूर्व डीओसी, आर्यन, भूमिका लूनिया, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, लीनु चंद्राकर डीओसी गाइड, तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी, लता वैष्णव ब्लाक सचिव, राम कुमार साहू वरिष्ठ स्काउटर, मधु तिवारी वरिष्ठ गाइडर, प्रभा पंडा, विद्या दुबे गाइडर, होमेश साहू प्रभारी के साथ आशीबाई गोलछा शाउमाविद्यालय, श्रीराम पाठशाला मिडिल स्कूल, शाडीएमएस स्कूल, शिशु संस्कार स्कूल,वृंदावन स्कूल के स्काउट गाइड उपस्थित होकर मिनी स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किए।

## ज्योति बीमा योजना के हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए का बीमा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कौहाकुडा तहसील पिथौरा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 3 बीमित व्यक्तियों के मृत्यु पश्चात उनके नामितों को 2-2 लाख रुपए का मृत्यु दावा भुगतान किया गया इनमें 2 लाख ग्राम हनुमानडीह के मृतक गीता बाई के मृत्यु पश्चात उनके नॉमिनी रामलाल यादव, 2 लाख रुपए ग्राम घोंच के मृतक नर्मदा साहू के नॉमिनी बिसाहिन साहू को, ग्राम लक्ष्मीपुर के मृतक भूषण दीवान के नामिनी गीता दीवान को 2 लाख रुपए बीमा भुगतान के माध्यम दिया गया। बीमा दावा भुगतान प्राप्तकर्ता सभी हितग्राही ग्राहकों ने बताया कि प्राप्त रकम से उनको और उनके परिवार जनों को बहुत बड़ा सहारा मिला है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा कौहाकुड़ा के शाखा प्रबंधक यज्ञदत्त वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी एवं जन हितैषी योजना है, जो आमजन को बहुत ही कम एवं सस्ते में बीमा प्रदान कार रही है, जिसमे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा मात्र 436 में 2 लाख का बीमा एवं प्रधानमंत्री दुर्घटना सुरक्षा बीमा कवर प्रदान कर रही है।

## श्रावण मास शिव को समर्पित अत्यंत पवित्र समयः संपत

**सांकरा।** बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ पर कहा है कि श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित अत्यंत पवित्र समय है, जो हमें आत्मचिंतन, प्रकृति से जुड़ाव और सामाजिक सौहार्द की ओर प्रेरित करता है। विधायक ने इस अवसर पर धैर्य, एकाग्रता और विविधता में सामंजस्य को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए भगवान शिव के जीवन से प्राप्त शिक्षाओं पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि समुद्र मंथन के दौरान विषपान की कथा हमें यह सिखाती है कि जीवन की कठिन परिस्थितियों को धैर्यपूर्वक स्वीकार कर उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण से पार किया जा सकता है। नटराज स्वरूप, जो सृष्टि, संहार और पुनर्निर्माण के चक्र को दर्शाता है, हमें यह समझाता है कि परिवर्तन जीवन का अनिवार्य नियम है और उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना ही प्रगति की राह है। शिव का पारिवारिक पक्ष माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय,हमें विविधताओं के बीच प्रेम, समझ और सामंजस्य से जीवन यापन की प्रेरणा देता है। ध्यानस्थ शिव का रूप हमें मानसिक एकाग्रता, आत्मविवेचन और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक दृढ़ता का मार्ग दिखाता है। भगवान शिव का प्रत्येक रूप जीवन के किसी न किसी पहलू में मार्गदर्शक सिद्ध होता है।विधायक डॉ. अग्रवाल ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे श्रावण मास में भगवान शिव के आदर्शों को आत्मसात करें, और समाज में शांति, भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करें। उन्होंने बसना क्षेत्र के सतत विकास और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।



**बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर भाजपा ने किया जनता के साथ अन्याय**

## बिजली दर में वृद्धि कर जनता को लूटने की तैयारी कर रही साय सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में प्रदेश की जनता को बिजली बिल हाफ योजना के तहत 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती थी। उक्त योजना को भाजपा की साय सरकार द्वारा पहले ही बंद कर दिया गया है। अब बिजली की दरों में वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने की कवायद यह सरकार कर रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार व बिजली नियामक आयोग ने प्रदेश में बिजली दरों में 15 से 20 पैसे की बढ़ोतरी कर दी है। अब घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को बिजली बिल भरने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। बिजली कंपनियों को 4550 करोड़ रूपए का घाटा बताते हुए इसकी भरपाई जनता से करने की तैयारी सरकार कर रही है। प्रदेशवासियों को महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा ने महंगाई और बढ़ा दिया। सरकारी कार्यालयों का 1750 करोड़ रुपए बिजली बकाया है, लेकिन इन कार्यालयों से बिल की वसूली नहीं किया जा रहा। इसके विपरीत आम जनता का 500 रुपए भी बाकी हो तो



बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन काटने पहुंच जाते हैं। बिजली दरों में वृद्धि के लिए की गई जनसुनवाई भी चोरी-छुपे कर ली गई। जबकि, सरकार ने पहले ही बिजली बिल में वृद्धि करने की मंशा बना ली थी। बिजली दर बढ़ने से प्रदेश के 65 लाख उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। पूर्व के भूपेश सरकार में इन सभी उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा था। जो बंद किया जा चुका है। और अब पुनः बिजली दर में वृद्धि कर जनता को लूटने की तैयारी भाजपा की सरकार कर चुकी है। यह बढ़ी हुई बिल अगस्त महीने से आना शुरू हो जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि 4500 करोड़ घाटे की याचिका की पूर्ति छत्तीसगढ़ की जनता से करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने मई के बिल में 7.15 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क बढ़ाकर जनता को लूटने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाला कोयला, देश के आधे हिस्से को छत्तीसगढ़ से आपूर्ति किया जाता है। लेकिन, प्रदेश में आए दिन बिजली कऔती, लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसके अतिरिक्त बिजली दरों में वृद्धि किया जाना जनता के साथ विश्वासघात है। पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा रही थी लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के तुरंत बाद बिजली की दरें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आम जनता के साथ अन्याय कर रही है। महंगाई कम करने के वादानुसार भाजपा सरकार को तत्काल बिजली दरों में वृद्धि रोक कर पूर्ववर्ती सरकार की 'बिजली बिल हाफ' योजना को बहाल किया जाना चाहिए।

## ज्ञान केंद्रीय तत्व, गुरुओं की परंपरा को आगे बढ़ाते हैं विद्यार्थी: अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

गुरु पूर्णिमा पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति

■ भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा : विविध विध योगदान पर केंद्रित

में गुरु- शिष्य परंपराः विविधविध योगदान विषय पर अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुई।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि नॉर्वे से सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक एवं अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा पूर्व शिक्षा अधिकारी थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई के रूप में डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि गुरु का सम्मान आज कम हो चला है। आजकल विद्यार्थी शिक्षक से कटकर रहते हैं। उन्हें काम से मतलब है। अध्ययन वर्षों की समाप्ति यानी डिग्री प्राप्ति के पश्चात विद्यार्थी अपने गुरुओं से कोई वास्ता नहीं रखते जो गलत है। गुरु के महत्व को आज नई पीढ़ी तक पहुंचाना अति आवश्यक है। गुरु ही मूल्यों को गढ़ता है, संस्थान महत्वपूर्ण नहीं होते। असल महत्व जीवित गुरु का होता है। गुरु अपने व्यक्तित्व, ज्ञान, कला कौशल और प्रेरणा से विद्यार्थियों को कुछ न कुछ सिखाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि गुरुओं में ज्ञान केंद्रीय तत्व है, विद्यार्थी गुरुओं की उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। एक विद्यार्थी गुरुओं द्वारा दिए गए संस्कारों का श्रेष्ठ संवाहक हो सकता है।

मुख्य अतिथि शुक्ल ने कहा कि, वेद और गुरु ग्रंथ साहिब भी गुरु हैं। गुरु ही अपने शिष्यों को मानव से महामानव बनता है तथा सभी लोगों की प्रथम गुरु मां होती है। समारोह के अध्यक्षीय भाषण की अभिव्यक्ति में बृज किशोर शर्मा ने कहा कि युवाओं के आक्रोश, मीडिया के अवमूल्यन आदि समस्याओं के निवारण के साथ सही शिक्षा और आदर्श समाज हेतु सही गुरु की आवश्यकता है। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा गंगा नदी के प्रवाह की तरह प्राचीन और अविरल है। वैदिक साहित्य से लेकर आधुनिक चिंतन तक, गुरु शिष्य परंपरा सभी अन्वेषण और परीक्षण के केंद्र में रही है। डॉ. शहनाज शेख महासचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि गुरु ही अनुशासन और नम्रता ला सकता है। डॉ. दक्षा जोशी गुजरात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा मानव जीवन का उद्देश्य आत्मा को जानना है। जितने भी महानायक हुए हैं उनके गुरु के पथ प्रदर्शन से ही हुए हैं। जिसमें शिवा के गुरु समर्थ रामदास, चंद्रगुप्त के गुरु चाणक्य, गुरु वशिष्ठ, गुरु वाल्मीकि, सांदीपनि आदि का अपने शिष्यों को मानव से महामानव बनाया। आपने कहा कि जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है। सरोज दवे ने कहा, सत्य मार्ग पर ले जाते हैं गुरु।



### गुरु के प्रति समर्पण और श्रद्धा रखनी चाहिए

विशिष्ट वक्ता डॉ प्रभु चौधरी , उज्जैन कोषाध्यक्ष ने सभी गुरुओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। युगपुरुष वेद मूर्ति तपोनिष्ठ विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉ हरिसिंह पाल ने कहा, गुरु के प्रति समर्पण होना चाहिए और श्रद्धा रखनी चाहिए। राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी ने कहा, गुरु भगवान के समान है। गुरु-शिष्य की सारी परेशानियों को अपने ऊपर ले लेता है। संचालक डॉ. रश्मि चौबे गाजियाबाद मुख्य ने कुशल संचालन करते हुए कहा, हमारे इतिहास में गुरु विश्वामित्र, गुरु सांदीपनि, वशिष्ठ, गुरु नानक, गुरु गौतम बुद्ध, स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, सावित्रीबाई फुले, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, राजा राममोहन राय जैसे गुरु हुए हैं। उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए देश और समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम समाप्ति पर शहनाज शेख नांदेड़, महाराष्ट्र के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया डीएपी खाद उपलब्ध कराएं सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शिवसेना जिलाध्यक्ष अजय बंजारे ने कहा कि शिव सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश ईकाई किसानों की समस्या को लेकर गंभीर है और पूर्व में भी सरकार जब बारदाना नहीं है कारण बता कर धान खरीदी बंद कर दी गई थी, तब शिव सेना द्वारा किसान मोर्चा निकाल कर पूरे प्रदेशभर में प्रदर्शन किया गया था, तब सरकार को निर्णय लेना पड़ा और किसानों का धान किसानों के ही बारदाना में खरीदी करने मजबूर होना पड़ा। आज फिर किसान खाद को लेकर संकट में है। शिव सेना ने मांग की है कि खाद की काला बाजारी रोकने अधिकारी किसान बनकर व्यापारी के पास जाएं।



## पेन व श्रीफल देकर गुरुजनों का किया गया सम्मान



**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान पाठक गोमती साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर सीएससी सुरेंद्र चंद्राकर द्वारा गुरु की महता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन में गुरु के स्थान और मार्गदर्शन का महत्व समझाया। बच्चों द्वारा शिक्षकों को पेन व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक देवेंद्र ढाकुर, विमलेश्वरी दुबे, स्वती सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव द्वारा न्योता भोज में जलेबी दिया गया।

## गुरुओं ने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया, गुरु पूर्णिमा पर योगभवन में हुआ चरणपादुका पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्वामी शिवानंद योग भवन में गुरु पूर्णिमा पर उत्सव मनाया गया। दिव्य जीवन संघ द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। सभी ने गुरु स्वामी शिवानंद और स्वामी चिदानंद को फूल माला अर्पित किया । दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत गुरुओं का देश रहा है। यहां अनेक गुरुओं ने अपने तन, मन, धन देकर समाज के भविष्य को गढ़ा है एवं भारत माता के चरणों में एक सुदृढ़ समाज को रखने के लिए अपना सर्वस्व दिया है। इसलिए गुरुओं का सम्मान करने की संस्कृति हमारे देश में रही है। अनेक गुरुओं ने अपने तन, मन, धन से भारत माता की सेवा की। महर्षि वेद व्यास जिन्होंने वेदों की रचना की। उन्होंने वेदों के रूप में ज्ञान के पुंज को पूरे विश्व को दिया। इसलिए आज उनकी जन्म जयंती हम सभी गुरु पूर्णिमा के रूप में मना रहे। आगे कहा कि गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देव महेश्वर अर्थात गुरु में ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है।दिनभर कार्यक्रम चलता रहा है। प्रातः 6 बजे से सर्वदेव वंदना, प्रार्थना, गुरुस्त्रोत्तम, शांति मंत्र, प्रातः स्मरण, स्वामी शिवानंद सरस्वती का संदेश ध्यान, योगासन, प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योग निंद्रा पादुका पूजन, विष्णुसहस्त्रनाम स्त्रोत्तम, स्वामी शिवानंद का पुस्तक वाचन, व्यक्तिगत ध्यान आदि मंत्रलेखन एवं मंत्र जप, शाम संकीर्तन के बाद तत्पश्चात शांति पाठ आरती हुई।



## वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 10 जुलाई 2025 को विद्यालय के प्रांगण में समस्त शिक्षकों-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पश्चात स्कूली छात्रों द्वारा गुरु वंदना और सरस्वती वंदना का जयबद्ध गायन किया गया। छात्रों ने अपने समस्त गुरुजनों को तिलक-चंदन लगाकर उनके आर्षीवाद लिये और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विद्यार्थियों को तिलक-चंदन कर आशीर्वाद दिया।

संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने बच्चों को गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे दीपक की लौ की तरह हैं, जिसमें जितना तेल डालेंगे, वो उतना ही प्रकाशमान होंगे। हमेशा स्वस्थ व निःरोग रहने का आशीर्वाद बच्चों को उनके द्वारा दिया गया। सुजाता विश्वनाथन संस्था संचालिका ने कहा कि अपने गुरु के प्रति आदर व सम्मान की भावना हमेशा होनी चाहिये। गुरु के चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शक्ति व भक्ति योग से उपासक की शक्ति प्राप्त होती है, जिस प्रकार सूर्य से हमें प्रकाश, ताप व उर्जा मिलती है,उसी प्रकार गुरु से हमें ज्ञान मिलता है। गुरु हमारे सफलता का स्तंभ हैं। विद्यालय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी एवं शिक्षक माधव टाकसाले का शाल एवं फल भेंट कर सम्मान किया गया। माधव टक्साले द्वारा अपने वक्तव्य में शिक्षकों कुम्हार की तरह बताया, जो कि एक साधारण मिट्टी को सही आकार देकर मटके का रुप प्रदान करता है। साथ ही भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल के 5 वरिष्ठ शिक्षिकाओं का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय की तरफ से सभी लोगों का सम्मान उपहार एवं फल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधा साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर द्वारा भी विचार प्रगट किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, कौशल्या बंसल, पार्षदगण सुनैना ठाकुर, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, सीता डोंडेकर, एवं भाजपा नेत्री मधु यादव, भगवती करकसे, समीर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रेखा साहू एवं आभार प्रदर्शन संध्या सोना ने किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य इंदू मिश्रा एवं शिक्षकगण वर्षा चंद्राकर, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, जागृति साहू, नीरु मांझी, रिंकी कुर्रे, हीना खान, होमेश साहू, प्रवीण साहू, तुषार निर्वाण, चंदना सोनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशू यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, मीनाक्षी पाड़े, दीपशिखा गायकवाड़ मौजूद रहे।



### शेर में उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य एसबी लाल सहित वरिष्ठ शिक्षकों ने माता सरस्वती का धूप दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता विजय गोस्वामी, टोहन देवांगन, नरेश विश्वकर्मा, शोभा दीवान, रेणुका शर्मा ने अपने प्रेरणा दायक विचार में गुरु की महिमा का बखान करते हुए पौराणिक धर्म ग्रंथो का अनुसरण करते हुए अपने माता-पिता तथा अपनों से बड़े का आदर सत्कार करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किए। इस अवसर पर ऐश्वर्या, खुशी, शिवंशी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। भाग लेने वाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हितेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के संस्था के वरिष्ट व्याख्याता दिलीप छत्रे, रोहित मिश्रा, होश सिन्हा, कोमल साहू, डोमेश्वरी साहू, आशा सिन्हा, मधुमती डहरिया, सुषमा साहू, उमाशंकरपटेल, मोनिका मोगरे, गोदावरी साहू, दीपक शर्मा, रीचा पटेल, हेमा नेताम, संगीता तांडेकर, सलिल चौधरी, भुवन साहू, दिनेश सोनी, समीम कौसर, पद्मा दीवान, रेणुका मिश्रा, अनीता दीवान, दीपांशु गिलहरे सराहनीय योगदान रहा।



